**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" (DWSM) समिति की दिनांक 20.07.2021 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त**

दिनांक 20.07.2021 को **"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"** समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें श्री उदय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, हापुड, श्री राजेश निगम, प्रभागीय वन अधिकारी हापुड,श्रीमती अर्चना गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हापुड,श्री विनय, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम हापुड, श्री राजेश बाबू, सहायक अभियन्ता सिंचाई, श्री संजय यादव, सीनियर मैनेजर, श्री राहुल आईएसए, श्री राजेन्द्र कुमार प्रोजेक्ट मैनेजर एल0सी0 एवं डी0पी0एम आदि उपस्थित थें। कार्यवाही निम्न प्रकार है–

एजेण्डा बिन्दु संख्या –01 (भूमि की उपलब्धता) :–

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हापुड़ के अन्तर्गत वर्तमान में 241 ग्रामों में से 177 ग्रामों में पेयजल योजना के निर्माण हेतु भूमि प्राप्त हो चुकी है। निर्देश दिये गये कि फर्म द्वारा सम्बन्धित तहसीलदार से व्यक्तिगत सम्पर्क कर भूमि उपलब्ध करने हेतु प्रयास किये जायें। शेष 64 ग्रामो में पेयजल योजना के निर्माण हेतु ग्राम समाज की निशुल्क भूमि उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारी को अनुस्मारक पत्र प्रेषित किये जायें।

(कार्यवाही– समस्त उपजिलाधिकारी)

एजेण्डा बिन्दु सं0–02 (डी0पी0आर0 विरचन का कार्य) :–

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की दिनांक दिनांक 07.06.2021 एवं दिनांक 24.06.2021 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक में क्रमशः 15 नग एवं 30 नग पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 संस्तुति कर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित कर दी गई थी। निर्देश दिये गये कि डी0पी0आर0 की संख्या को संचयी रूप से प्रस्तुत किया जाये। पूर्व में अवशेष त्रुटिपूर्ण डी0पी0आर0 को प्राथमिकता के आधार पर ठीक कराकर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाये, उसके पश्चात् नवीन डी0पी0आर0 हेतु कार्य किया जाये। कार्यदायी फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0, अहमदाबाद द्वारा आश्वस्त किया कि आगामी सप्ताह में 20 अन्य डी0पी0आर0 विरचित

कर ली जायेंगी। साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि शीघ्र निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष डी0पी0आर0 विरचन का कार्य पूर्ण किया जाये।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0, अहमदाबाद)

**एजेण्डा बिन्दु सं0–03 (ISA) :–**

दोनों एजेन्सियों द्वारा अवगत कराना है कि अनुबन्ध गठित होने के पश्चात् मै0 ग्रामीण विकास ट्रस्ट, नोएडा द्वारा पूर्व की भांति मात्र 10 ग्रामों में एवं मै0 जनकल्याण शिक्षा विकास सेवा समिति, गढ़मुक्तेश्वर द्वारा 07 ग्रामों से बढ़ाकर 35 ग्रामों में जनजागरूकता कार्यक्रम किये गये हैं। एजेन्सियों को निम्न निर्देश दिये गये:–

1. ग्राम सभा की बैठकों का अग्रिम साप्ताहिक/मासिक रोस्टर तैयार कर जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाये।
2. बैठकों में यथासंभव मा0 जनप्रतिनिधियों एवं सहायक विकास अधिकारी (पं0), खण्ड विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाये।
3. शासनादेश सं0 03/2021/423/छिहत्तर–1–2020–03 शिकायत/2020 नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन, लखनऊ दिनांक 05.02.2021 के अनुरूप एवं IEC Activity सम्बन्धी समस्त कार्यवाही सुचारू रूप से की जाये।
4. प्राथमिकता के आधार पर पूर्व से निर्मित ग्रामीण पेयजल योजनाओं वाले ग्रामों में जनजागरूकता कार्यक्रम किये जायें एवं जलकर वसूली में सहयोग किये जाने हेतु ग्रामवासियों को प्रेरित किया जाये। इसके लिये ग्राम प्रधान, सचिव, लेखपाल एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का सहयोग लिया जाये, जिससे कि पम्प ऑपरेटर, विद्युत एवं अन्य रखरखाव सम्बन्धी व्यय की प्रतिपूर्ति हो सके।
5. प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर एक तकनीकी रूप से दक्ष व्यक्ति रखा जाये, जिससे कि पेयजल योजना के रखरखाव में असुविधा की स्थिति न रहे।
6. अधोहस्ताक्षरी एवं मुख्य विकास अधिकारी, कार्यालय परिसर में प्रचार सामग्री के रूप में बैनर इत्यादि लगाये जायें।

एजेंसियों को उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ISA)

**एजेण्डा बिन्दु संख्या– 04 :–जल जीवन मिशन (100 दिन का अभियान) –**

उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0, निर्माण इकाई–5, गाजियाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची के आधार पर 49 प्राथमिक विद्यालय एवं 2 आंगनवाड़ी केन्द्रों में 15 प्राथमिक विद्यालय फीजेबिल पाए गए। कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक कार्यस्थल के फोटोग्राफ संलग्न कर प्रस्तुत किये जायें एवं बिना जांच किये कार्य का भुगतान किसी भी दशा में न किया जाये। बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जांच कराकर वस्तुस्थिति से अवगत करायें।

(कार्यवाही– बेसिक शिक्षा अधिकारी/ उ0प्र0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0)

## एजेण्डा बिन्दु संख्या 05 :– थर्ड पाटी (TPI) द्वारा पेयजल योजनाओं पर कराये जा रहे निरीक्षण की प्रगतिः–

थर्ड पाटी निरीक्षण हेतु निर्धारित एजेंसी मै0 आरवी एसोसिएटस्, आर्किटेक्ट इंजीनियर्स एण्ड कन्सलटेन्ट प्रा0लि0, रवुला रेसीडेन्सी, श्रीनगर रोड, मैन कॉलोनी, हैदराबाद को निर्देशित किया गया कि समस्त कार्य जल जीवन मिशन कार्यक्रम की मार्गदर्शिका के अनुरूप ही किये जायें। तत्पश्चात् ही भुगतान सम्बन्धी कार्यवाही की जाये।

## एजेण्डा बिन्दु संख्या 06 :– अनुरक्षणाधीन ग्रामीण पेयजल योजनाओ पर कराये जा रहे कार्य (रेट्रोफिटिंग):–

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हापुड़ में स्वीकृत 62 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं में से 45 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं पर कार्य पूर्ण हो चुके हैं। निर्देश दिये गये कि शेष 17 पेयजल योजनाओं को भी यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाये।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)

सदस्य सचिव द्वारा बताया गया कि डी0पी0आर0 को क्रॉस चैक करने हेतु लघु सिंचाई विभाग एवं ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को निर्देशित किया गया था जिनके द्वारा डी0पी0आर0 चैक करने के उपरान्त निम्नवत् डी0पी0आर0 उपयुक्त पाई गई–

| क्र. सं. | योजना का नाम | ब्लॉक का नाम | योजना में सम्मिलित ग्रामों की संख्या | योजना में प्राविधानित FHTC की संख्या | वर्क कॉस्ट (लाख) | सैंटेज (लाख) | कुल लागत (लाख) | प्रति व्यक्ति लागत अभिकल्पित वर्ष (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बसन्तपुर | धौलाना | 1 | 506 | 252.45 | 28.17 | 280.62 | 5088 |
| 2 | नारायणपुर वास्का | धौलाना | 1 | 1180 | 400.28 | 44.67 | 444.95 | 4717 |
| 3 | कपूरपुर | धौलाना | 1 | 336 | 214.49 | 23.94 | 238.43 | 6301 |
| 4 | कृपानगर | धौलाना | 1 | 325 | 205.11 | 22.89 | 228.00 | 7320 |
| 5 | करीमपुर भाईपुर | धौलाना | 1 | 322 | 189.75 | 21.18 | 210.93 | 6779 |
| 6 | नगला गज्जू | धौलाना | 1 | 346 | 185.38 | 20.69 | 206.07 | 6505 |
| 7 | नगला छज्जू | धौलाना | 1 | 200 | 163.48 | 18.25 | 181.72 | 10029 |
| 8 | नगला कांशी | धौलाना | 1 | 270 | 182.90 | 20.41 | 203.31 | 8739 |
| 9 | सिवाया | धौलाना | 1 | 424 | 191.27 | 21.35 | 212.62 | 5996 |
| 10 | डोमा टीकरी | धौलाना | 1 | 201 | 165.65 | 18.49 | 184.14 | 9802 |
| 11 | नन्दपुर | धौलाना | 1 | 352 | 184.58 | 20.6 | 205.18 | 5993 |
| 12 | सुखदेवपुर | धौलाना | 1 | 224 | 186.87 | 20.86 | 207.73 | 8433 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | पारपा | धौलाना | 1 | 890 | 293.97 | 32.81 | 326.78 | 5068 |
| 14 | करनपुर जट्ट | धौलाना | 1 | 764 | 263.79 | 29.44 | 293.23 | 53[illegible] |
| 15 | भूडिया | धौलाना | 1 | 321 | 181.68 | 20.28 | 201.95 | 10[illegible] |
| 16 | दहपा–कंडोली–मकरा मतपुर–मिथुनपुर | धौलाना | 1 | 894 | 295.55 | 32.99 | 328.54 | 4[illegible] |
| 17 | ढहाना | हापुड़ | 1 | 770 | 319.64 | 35.67 | 355.31 | 6952 |
| 18 | गिरधरपुर तुमरैल | हापुड़ | 1 | 571 | 245.16 | 27.36 | 272.52 | 6963 |
| 19 | खड़खड़ी | हापुड़ | 1 | 426 | 210.34 | 23.48 | 233.82 | 5969 |
| 20 | मीरपुर कलां | हापुड़ | 1 | 302 | 190.52 | 21.26 | 211.78 | 9775 |
| 21 | मतनावली | हापुड़ | 1 | 315 | 178.88 | 19.96 | 198.84 | 9796 |
| 22 | कटोरा जाफराबाद | गढ़मुक्तेश्वर | 1 | 360 | 206.06 | 23.00 | 229.06 | 8497 |
| | | **कुल योग** | 22 | 10299 | | | 5455.53 | |

जनपद हापुड़ के अन्तर्गत उपरोक्त 22 नग डी0पी0आर0 **(अनुमानित लागत रू0 5455.53 लाख)** जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा संस्तुति सहित राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी / अध्यक्ष
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"
समिति हापुड़

1310/जा-31/11, दि० 27-7-2021
<u>पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।</u>

<u>प्रतिलिपिः–</u>

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 जल निगम कम्पाउण्ड, 6–राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
3. संयुक्त प्रबन्ध निदेशक (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।,
5. मुख्य अभियन्ता (गा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम, गाजियाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।
6. अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम, हापुड़ को सूचनार्थ प्रेषित।
7. मुख्य विकास अधिकारी, हापुड़।
8. जिला विकास अधिकारी, हापुड़।
9. जिला वनाधिकारी, हापुड़।
10. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हापुड़।
11. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, हापुड़।
12. अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस / सिंचाई, हापुड़।
13. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, हापुड़।
14. जिला कृषि अधिकारी, हापुड़।
15. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, हापुड़।

जिलाधिकारी / अध्यक्ष
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"
समिति हापुड़